>

Title: Need to provide funds to State Government of Uttar Pradesh for early construction of proposed railway overbridge at Dharamshala Bazar in Gorakhpur, Uttar Pradesh.

श्री आदित्यनाथ (गोरखपुर) : सभापति महोदय, गोरखपुर महानगर (उ.प्र.) के धर्मशाला बाजार में अधोगामी रेलवे सेतु है। पहले इस अधोगामी रेलवे सेतु के स्थान पर लैवल क्रासिंग थी। यात्रियों की संख्या में वृद्धि हो जाने के कारण लैवल क्रासिंग के अधिकतर बंद रहने से गोरखपुर से महाराजगंज, पडरोना, नेपाल आदि की ओर जाने तथा वहां से आने वाले यातायात को बहुत कठिनाई का सामना करना पड़ता था, जिसके कारण लैवल क्रासिंग के स्थान पर अधोगामी सेतु बना दिया गया। वर्तमान में अधोगामी सेतु विद्यमान है परन्तु इससे केवल हल्के वाहन ही गुजरते हैं और यथेष्ठ ऊंचाई न होने के कारण भारी वाहनों का इसमें प्र वेश निषिद्ध हैं। पिछले ८-१० वर्षों में यातायात में भारी वृद्धि हुई है, जिसके कारण गोरखपुर से इस अधोगामी रेलवे सेतु के नीचे से जाने वाली यातायात भारी भीड़ के कारण अवरूद्ध हो जाता है। गोरखपुर का विकास भी वर्तमान में इसी मार्ग पर होने के कारण तथा मेंडिकल कालेज भी इसी मार्ग पर होने के कारण जहां गोरखपुर के विकास पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है वहां अधोगामी सेतु स्थल पर भारी भीड़ के कारण मरीजों को भी समय से मेडिकल कालेज पहुंचाकर चिकित्सीय सुविधा उपलब्ध कराने में कठिनाई होती है। थोड़ी सी वर्षा होने पर तो इस अधोगामी रेलवे सेतु के नीचे पांच-छः फुट गन्दा पानी भर जाता है जिसके कारण यातायात कई दिनों तक अवरुद्ध हो जाता है।

उपर्युक्त स्थिति को दृष्टिगत रखते हुए इस स्थान पर रेलवे उपरिगामी सेतु के निर्माण की अत्यन्त आवश्यकता है। रेलवे ओवरब्रिज का प्रस्ताव आगमन सहित उत्तर प्रदेश सरकार को भेजा जा चुका है। अतः मैं रेल मंत्री, भारत सरकार से मांग करता हूं कि गोरखपुर में धर्मशाला बाज़ार में प्रस्तावित रेलवे ओवरब्रिज में कुल आकलित धनराशि का आधा हिस्सा वहन करके ओवरब्रिज निर्माण यथाशीघ्र करवाने का कष्ट करें।